श्री नितिन गडकरी

संदेश

मुझे इस बात का पूर्ण विश्वास है कि इस समय विश्वस्तरीय अवसंरचना का निर्माण भारत के विकास की प्रक्रिया को गति प्रदान करने एवं तेजी से भूमंडलीकरण की ओर अग्रसर होती विश्व अर्थव्यवस्था में इसकी प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए परम आवश्यक है। राजमार्गों की अवसंरचनाएं अपने संयोजन एवं अंत:-संयोजन की शक्ति के माध्यम से विकास की गति तथा इसकी संरचना व स्वरूप को निर्धारित करती हैं। वस्तुत: यह वह सूत्र है जो किसी अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों को आपस में जोड़ता है। इसलिए मौजूदा सरकार ने इस सेक्टर को अधिक ध्यान केन्द्रित करने के लिए छांटा है।

दीर्घकालिक आर्थिक विकास, विशेष रूप से देश के दुर्गम सीमा क्षेत्रों एवं उत्तर-पूर्व के क्षेत्रों में करने के लिए भारत को तैयार करने हेतु इस सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के माध्यम से आमूल-चूल परिवर्तन करने की परिकल्पना की है। सरकार ने पहले ही क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के लिए एन.एच.आई.डी.सी.एल. के माध्यम से 1000 किमी. से अधिक की नई सड़कों एवं राजमार्गों के निर्माण के लिए क्षेत्र निश्चित किए हैं जिसका उद्देश्य सुदूर क्षेत्रों को न सिर्फ मुख्य क्षेत्र से जोड़ना है बल्कि देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हुए सीमा पार व्यापार एवं वाणिज्य को प्रोत्साहन देना भी है।

भारत की समृद्धि को संबल प्रदान करने और उसे कायम रखने के प्रयास हेतु मैं एन.एच.आई.डी.सी.एल. को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।